अब 'रेनबो स्टेशन' के नाम से जाना जाएगा नोएडा सेक्टर-50 मेट्रो स्टेशन, ट्रांसजेंडर समुदाय को समर्पित

- बर्थ-डे और प्रीवेंडिंग पार्टी के लिए बुकिंग सुविधा देने के बाद मेट्रो का ध्यान ट्रांसजेंडर समुदाय पर गया है.
- नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने सेक्टर-50 मेट्रो स्टेशन का नाम 'रेनबो स्टेशन' करने का फैसला किया है.

By: एजेंसी | 25 Jun 2020 07:46 AM (IST)

नोएडा: ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (NMRC) बड़ी पहल करने जा रहा है. NMRC ने सेक्टर-50 मेट्रो स्टेशन का नाम 'रेनबो स्टेशन' करने का फैसला किया है. NMRC की मैनेजिंग डायरेक्टर रितु माहेश्वरी ने जानकारी दी.

ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए मेट्रो की अनूठी पहल

सेक्टर-50 मेट्रो स्टेशन को ट्रांसजेंडर समुदाय को समर्पित करने के फैसले पर रितु माहेश्वरी ने बताया, "मेट्रो स्टेशन के नाम के लिए कई सामाजिक संगठनों से राय मांगी गई थी. जिसके बाद संगठनों ने आगे आकर अपनी राय से संस्था को अवगत कराया." रितु माहेश्वरी के मुताबिक एकमत से सामाजिक संगठनों ने सेक्टर 50 के मेट्रो स्टेशन को "रेनबो स्टेशन" करने का सुझाव दिया. उन्होंने बताया कि ट्रांसजेन्डर समुदाय को समाज में मान सम्मान दिलाने के इरादे से ये पहल की गई है और इसके जरिए सेक्टर 50 स्थित मेट्रो स्टेशन को उनके नाम समर्पित किया गया है.

ट्रांसजेंडर समुदाय को रोजगार देने पर भी बात

उन्होंने ट्रांसजेंडर समुदाय के कल्याण के लिए NMRC के उठाए जा रहे अन्य कदमों के बारे में जानकारी दी. उन्होंने बताया कि सेक्टर-50 मेट्रो स्टेशन पर ट्रांसजेंडर समुदाय के लोगों को रोजगार देने की भी व्यवस्था की जा रही है. इस समुदाय के लोगों को समाज में समानता का अधिकार दिलाने के लिए NMRC और कई प्रकार के उपाय कर रहा है. NMRC, नोएडा और ग्रेटर नोएडा के बीच 21 स्टेशनों का संचालन देखता है. अपनी शुरुआत से ही NMRC अनोखी कार्यशैली की वजह से जाना जाता है. इससे पहले बर्थ-डे और प्रीवेंडिंग पार्टी के लिए बुकिंग सुविधा देने का ऐलान कर लोगों को बड़ा तोहफा दिया था.